प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने रचा 100 प्रतिशत प्लेसमेंट का इतिहास

पंतनगर 3 अप्रैल 2025। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने सत्र 2023–25 के लिए 100 प्रतिशत नियुक्ति हासिल कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। इस गौरवशाली अवसर को ''ई चैट 2025'' के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा दीप–ज्योति प्रज्ज्वलन कर किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं निदेशकगण उपस्थित रहे।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की छात्र–विकास प्रतिबद्धता और उद्योग जगत के साथ मजबूत होते संबंधों की सराहना की, तदोपरान्त नियुक्ति समिति के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा।

अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन ने अपने संबोधन में महाविद्यालय की मजबूत उद्य ोग सहभागिता, नियुक्ति समन्वयक डा. रीटिका भट्ट के समर्पित प्रयासों और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन को इस उपलब्धि का आधार बताया। कार्यक्रम के मध्य केक काटने की परंपरा संपन्न हुई, जिसने इस सफलता के उल्लास को और बढ़ाया। इसके बाद, डा. रीटिका भट्ट ने प्लेसमेंट के महत्वपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि 33 प्रतिशत छात्रों को 10 लाख प्रति वर्ष या उससे अधिक का पैकेज मिला, जिसमें सर्वोच्च पैकेज 13 लाख प्रति वर्ष तक पहुंचा। उन्होंने विभिन्न उद्योग क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित नियोक्ताओं की विविधता को रेखांकित करते हुए महाविद्यालय की बढ़ती औद्योगिक पहचान पर प्रकाश डाला। स्नातकोत्तर प्रभारी डा. मुकेश पांडे ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया और छात्रों की इस उपलब्धि को उनके परिवारों के सहयोग एवं समर्पण का परिणाम बताया। इसके बाद एक विशेष वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों के नियुक्ति के सफर की स्मृतियां साझा की गईं, जिसने माहौल को गौरान्वित एवं भावनात्मक बना दिया। छात्र नियुक्ति समन्वयक शिवम लोहानी और इशिका सिंह ने नियुक्ति प्रक्रिया की संक्षिप्त झलक प्रस्तुत करते हुए अपने सहपाठियों का आभार व्यक्त किया और इस सफलता में सभी के योगदान को सराहा।

कार्यक्रम के अंत में अधिष्ठाता एवं नियुक्ति प्रभारी ने कुलपति को सम्मानित किया। इस सफल समारोह का समापन छात्र नियुक्ति समन्वयक अनन्या भट्ट द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने कुलपति, अधिष्ठाताओं, निदेशकों, संकाय सदस्यों और समस्त उपस्थितजनों का इस आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। 100 प्रतिशत नियुक्ति के इस गौरवपूर्ण मील के पत्थर के साथ, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने अपनी उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखा और भविष्य के लिए नए मानदंड स्थापित किए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारी।

कार्यक्रम में केक काटते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार